<u>ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल</u>

सत्र 2024-25

कक्षा – पाँच---- **वार्षिक पुनरावृत्ति पत्रक-1** **विषय : हिंदी**

नाम -----------------------

<u>अपठित बोध</u>

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

धरती पर जीवन के लिए अत्यंत जरूरी तत्वों में से जल और ऑक्सीजन प्रमुख हैं और हम यह जानते हैं धरती पर ऑक्सीजन के मुख्य स्रोत पेड़ ही हैं। वैसे तो सभी वृक्ष दिन के समय ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जो जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा मनुष्य के लिए हानिकारक कार्बन-डाइऑक्साइड गैस लेते हैं। सूर्य के प्रकाश तथा कार्बन-डाइऑक्साइड की उपस्थिति में पेड़-पौधे अपना भोजन बनाते है। अल्ट्रावायलेट किरणों से बचने में भी पेड़ों की अहम् भूमिका होती है जिससे त्वचा कैंसर तथा अन्य बीमारियों से सुरक्षा मिलती है। आँवला, हरड़, बहेड़ा, ऐलोवेरा, अर्जुन, अशोक, नीम, जामुन आदि प्रसिद्ध आयुर्वेदिक औषधियाँ ही पेड़-पौधों से ही प्राप्त होती हैं। पेड़-पौधों से हमें फल, सब्ज़ियाँ, अन्न आदि मिलते हैं, जो हमारे भोजन के प्रमुख अंग हैं। न सिर्फ मानव जाति बल्कि पशु पक्षी भी पेड़-पौधों से अपना भोजन प्राप्त करते हैं।

(क) जीवन के अत्यंत ज़रूरी तत्त्वों में से कौन-से तत्त्व प्रमुख हैं ?

(i) जल (ii) ऑक्सीजन (iii) जल और ऑक्सीजन

(ख) पेड़-पौधे अपना भोजन कैसे बनाते हैं ?

(ग) पेड़-पौधों से भोजन किसे प्राप्त होता है ?

(घ) 'तस्वीर' शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए |

<u>पाठ्यपुस्तक</u>

प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए -

(क) कगनमल दूध के लिए किसके पास जाता है और क्यों ?

(ख) कुम्मी मन-ही-मन क्यों खुश हो रही थी ?

प्रश्न 3 रिक्त स्थान भरें -

(क) ------------------ खुद को भूखा बता रहा था |

(ख) कुम्मी के हाथ में आई किताब ---------------- छपी होगी |

(ग) 'बोर करने वाले अध्यापक' -------------- को कहा गया है |

(घ) लहराते खेतों को देखकर ------------------------- झूमते हैं |

प्रश्न 4 किसने कहा,किससे कहा ? -

(क) "परिश्रम के गुलगुले तो हमेशा मीठे ही होते हैं |"

(ख) "अब ये हँसिया कहाँ से लाऊँ|"

प्रश्न 5 निम्नलिखित गद्यांश में संयुक्त व्यंजन वाले शब्द रेखांकित कीजिए -

कुम्मी को याद आया कि एक बार जब उससे भूगोल में रोज़ वही गलतियाँ होने लगी थीं , तो उसकी माँ ने मुहल्ले के अध्यक्ष को बताया था | तब एक आदमी आया और उसने उस मशीन के पुरज़े-पुरज़े अलग कर दिए थे | तब उसने मन-ही-मन यह मनाया था कि वह आदमी इस बोर करने वाले अध्यापक को पुनः जोड़ न पाए, तो उसे हमेशा के लिए छुट्टी मिल जाए|

<u>ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल</u>

सत्र 2024-25

कक्षा – पाँच----- **वार्षिक पुनरावृत्ति पत्रक -2** **विषय : हिंदी**

नाम ----------------------

<u>व्याकरण</u>

प्रश्न 1 निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए -

(क) गले का हार होना - ---------------------

(ख) ईद का चाँद होना - ---------------------

(ग) श्रीगणेश करना - ----------------------

(घ) नाक में दम करना - ----------------------

(ङ) आँखों में धूल झोंकना - -----------------------

(च) हवा से बातें करना - ------------------------

(छ) पेट में चूहे कूदना - ------------------------

प्रश्न 2 चाचा जी को पत्र लिखकर उन्हें अपने जन्मदिन पर मुंबई आने का निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए |

ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

सत्र 2024-25

कक्षा – पाँच ------ **वार्षिक पुनरावृत्ति पत्रक-3** **विषय : हिंदी**

नाम ------------------------ **व्याकरण**

प्रश्न 1 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए -

(क) जहाँ जाना कठिन हो - ------------------

(ख) आदर देने योग्य - ------------------

(ग) रात्रि में विचरण करने वाला - ------------------

(घ) जो छोटा भाई हो - ------------------

प्रश्न 2 निम्नलिखित शब्दों के लिए वाक्यांश लिखिए -

(क) जलचर - --

(ख) दर्शक - --

(ग) मृदुभाषी - --

(घ) अग्रज - ---

प्रश्न 3 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति एक शब्द द्वारा कीजिए व वाक्य दोबारा लिखिए -

(क) महेश <u>ईश्वर में विश्वास नहीं रखता</u> है |

(ख) सोहन मेरा <u>छोटा भाई</u> है |

(ग) राम <u>हर समय काम से जी चुराता</u> है |

प्रश्न 4 'लालची मगरमच्छ' विषय पर 120 शब्दों में एक कहानी लिखिए -

----